कई विकास परियोजनाओं के ठेके जेएमसी को मिले

नयी दिल्ली। देश के आधारभूत विकास की कई परियोजनाओं के कार्यों का ठेका जेएमसी प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड को मिले हैं। कम्पनी को पानी की पाइपलाइन, आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं के लिए 547 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। कम्पनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड की अनुषंगी कम्पनी जेएमसी सिविल इंजीनियरिंग और इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण क्षेत्र में काम करती है।

रुपया 18 पैसे चढ़कर 69.70 के स्तर पर बंद

मुंबई। डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती बढ़ती जा रही। सप्ताह के दूसरे दिन भी रुपये में तेजी देखने को मिली। मंगलवार को डॉलर की कीमत 69.50 रुपये के पास आ गयी थी। लेकिन कारोबार के अंत तक डॉलर में कुछ सुधार आया और डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे बढ़कर 69.70 के स्तर पर बंद हुआ। इस साल के निचले स्तर से रुपये में करीब तीन फीसदी की मजबूती आ चुकी है।

गूगल ने अपने दो कर्मचारियों को किया 730 करोड़ का भुगतान

सैन फ्रांसिस्को, 12 मार्च (ईएमएस)। गूगल ने बहुचर्चित यौन उत्पीड़न मामले में फंसे दो सीनियर एग्जीक्यूटिव्स को 730 करोड़ का भुगतान किया है। कम्पनी ने फॉदर ऑफ एंड्रॉयड कहलाने वाले एंडी रूबीन को 626 करोड़ जबकि भारतीय मूल के अमित सिंघल को 104 करोड़ का भुगतान किया है। मीडिया रिपार्ट्स के मुताबिक दोनों को पहले 940 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना था। भारतीय मूल के अमित सिंघल जिन्होंने गूगल से निष्काषित होने के बाद उबर में ज्वाइन किया, जिसके बाद अमित को 104 करोड़ का भुगतान किया गया, हालांकि पहले अमित को 313 करोड़ दिया जाना था। सिंघल गूगल में उपाध्यक्ष (सर्च) थे जबकि एंडी रुबीन गूगल में बतौर एंड्रॉयड हेड कार्यरत थे। एंडी रुबीन पर साल 2013 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे, जिसके बावजूद गूगल ने उन्हें एग्जिट प्लान के तहत 626 करोड़ दिये। एंडी रूबीन को फादर ऑफ एंड्रॉयड कहा जाता है और उनकी कम्पनी एंड्रॉयड इन्कॉर्पोरेशन को गूगल ने 17 अगस्त 2005 को 50 करोड़ डॉलर में खरीद लिया था। इसके बाद रूबीन गूगल के इंजीनियर डिपार्टमेंट के वाइस प्रेसिडेंट बनाये गये। गूगल द्वारा एंडी रुबीन को इतनी बड़ी रकम देने के विरोध में कम्पनी के 1500 से ज्यादा कर्मचारियों ने वाकआउट भी कर दिया था।

नीरव ने पर्सनल अकाउंट्स में भेजे 934 करोड़

प्रवर्तन निदेशालय का मुंबई स्पेशल कोर्ट में खुलासा

मुंबई, 12 मार्च (ईएमएस)। बैंकों को हजारों करोड़ों की चपत लगाकर भागने वाले हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने 934 करोड़ रुपये खुद के साथ-साथ पत्नी और पिता के पर्सनल अकाउंट्स में डायवर्ट किये। प्रवर्तन निदेशालय

ईडी ने फर्जीवाड़े की 91 प्रतिशत रकम का पता लगाया

(एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट यानी ईडी) की ओर से मुंबई स्पेशल कोर्ट में दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट में इसका खुलासा किया गया है। इनमें से 560 करोड़ रुपये नीरव ने खुद के खाते में जबकि 200 करोड़ रुपये पत्नी ऐमी और 174 करोड़ रुपये पिता दीपक मोदी के पर्सनल अकाउंट्स में ट्रांसफर किये। ये सारे अकाउंट्स विदेशी बैंकों के हैं। नीरव मोदी फर्जी लेटर ऑफ अंडटेकिंग के जरिए पंजाब नेशनल बैंक को 13,000 करोड़ रुपये का चूना लगाने वाला मुख्य आरोपी है। पिछले सप्ताह ईडी ने मुंबई के स्पेशल पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट में दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट में इन बातों की विस्तृत जानकारी दी है। ईडी ने फर्जीवाड़े की 91 प्रतिशत रकम का पता लगा लिया है। एजेंसी ने अपनी सप्लीमेंट्री चार्जशीट के साथ दुबई, यूएई और सिंगापुर की कम्पनियों के बैंक स्टेटमेंट्स के डीटेल जमा कराये हैं ताकि साबित किया जा सके कि नीरव मोदी और उसके पारिवारिक सदस्यों ने फर्जीवाड़े की रकम अपने-अपने अकाउंट्स में डायवर्ट की। ईडी ने नीरव की पत्नी ऐमी मोदी को भी



अब आरोपी बनाया है। हांलाकि पिछले साल मई महीने में ईडी द्वारा दारा दायर पहली चार्जशीट में ऐमी का नाम नहीं था। नीरव मोदी भारत की अपनी कम्पनी के लिए आयात का फर्जी डॉक्युमेंट्स दिखाकर पीएनबी से लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स के जरिए अपने फर्जी एक्सपोर्ट्स को पेमेंट्स करवा देता था। ये एक्सपोर्ट कम्पनियां मुख्य रूप से दुबई और हॉन्ग कॉन्ग की होती थीं। खासबात यह है कि नीरव जिन एक्सपोर्ट कम्पनियों को पीएनबी से पैसे भिजवाता, वे दरअसल उसकी खुद की ही फर्जी कंपनियां होती थीं। नीरव मोदी हर बार बैंक से एलओयू अमाउंट बढ़ाने की मांग करता और प्राप्त धन से बैंक का पहला बकाया चुका देता और बाकी का उपयोग व्यक्तिगत खर्चों में करता। लेकिन, जनवरी 2018 में इस फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया और वह परिवार सहित देश छोड़कर भाग गया। पिछले साल मई महीने में ईडी ने नीरव, बेल्जियम में रह रहे उसके पिता दीपक मोदी, भाई नीशाल मोदी, बहन पूर्वी मोदी और जीजा मैनक मेहता के खिलाफ पहला आरोप पत्र दायर किया। दूसरी चार्जशीट में ईडी ने नीरव मोदी और उसके पारिवारिक सदस्यों के बीच पैसों की बंदरबांट पर फोकस किया है। अधिकारियों ने बताया कि पीएनबी से अपनी फर्जी कंपनियों के खातों में पैसा डलवाकर, एक हिस्सा कई अन्य शेल कम्पनियों में डाल देता। फिर ये शेल कंपनियां नीरव की पसिफिक डायमंड्स कंपनी में पैसे डाल देतीं। पसिफिक डायमंड्स के बैंक खातों से पता चलता है कि नीरव और उसके पिता के पर्सनल अकाउंट्स में बड़ी रकम ट्रांसफर की गयी। एक अन्य मामले में, शेल कम्पनी में पीएनबी का पैसा डायवर्ट करने के बाद एक हिस्सा फाइन

जांच एजेंसी ने नीरव की पत्नी ऐमी को भी बनाया आरोपी

क्लासिक एफजेडई के खाते में ट्रांसफर किया गया जिसे नीरव की बहन पूर्वी मोदी हैंडल करती थी। फिर पूर्वी ने कुछ पैसे अपने सिंगापुर स्थित बैंक अकाउंट में डाले जहां से उसने 3 करोड़ डॉलर (करीब 2 अरब रुपये) अपनी भाभी और नीरव की पत्नी ऐमी मोदी के अकाउंट में ट्रांसफर किए। इस पैसे से लंदन में फ्लैट खरीदा गया। ईडी ने चार्जशीट के साथ वे दस्तावेज भी जमा किए हैं जिनसे पता चलता है कि पीएनबी का पैसा पाने वाली ज्यादातर विदेशी शेल कंपनियों का संचालन ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड समेत कई टैक्स हैवंस स्थित कंपनियों से हुआ करता था। इन शेल कम्पनियों के शेयरधारकों का कई स्तर था, लेकिन 2012 तक वास्तविक नियंत्रण नीशाल और पूर्वी मोदी के पास ही था।

रमेश के बाद चिदंबरम ने भी नोटबंदी पर सरकार को घेरा

आरबीआई पर जबरन थोपा नोटबंदी का फैसला

नयी दिल्ली, 12 मार्च । नोटबन्दी के दिन हुई भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की बैठक का विवरण सामने आने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने मोदी सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। चिदंबरम ने दावा किया कि इससे नरेंद्र मोदी सरकार की अक्षमता सामने आ गयी है। उन्होंने आरबीआई बोर्ड की बैठक की जानकारी आरटीआई के जरिये सामने आने का उल्लेख करते हुए ट्वीट किया कि आठ नवंबर, 2016 को आरबीआई बोर्ड की बैठक के ब्यौरे से नोटबन्दी की घोषणा करने वाली सरकार की अक्षमता का खुलासा होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरबीआई की ओर से नोटबन्दी से जुड़ी सभी दलीलों को लेकर आगाह किये जाने के बावजूद सरकार आगे बड़ी और करोड़ों लोगों की जीविका को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि आखिरकार आरबीआई के बेचारे गवर्नर (उर्जित पटेल) को इसकी कीमत भी चुकानी पड़ी और जिसके नतीजतन इस्तीफा सौंपना पड़ा। इससे पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड की बैठक के विवरण का हवाला देते हुए दावा किया कि नोटबंदी के लिए प्रधानमंत्री ने कालेधन पर अंकुश लगने सहित जो कारण गिनाये थे उन्हें केंद्रीय बैंक ने इस कदम की घोषणा से कुछ घंटे पहले ही नकार दिया था, इसके बावजूद नोटबंदी का फैसला जबरन उस पर थोपा गया।

आबीआई की बैठक के ब्योरे से हुआ मोदी सरकार की अक्षमता का खुलासा

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने बढ़ायी सेंट्रल और ओवरसीज बैंकों की रेटिंग

नयी दिल्ली, 12 मार्च (ईएमएस)। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक की विदेशी मुद्रा जमा रेटिंग बढ़ाकर बीए-2 कर दी है, जो अबतक बीए-3 थी। इसके अलावा एजेंसी ने बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की घरेलू और विदेशी नकदी जमा रेटिंग भी बीएए3/पी-3 निर्धारित कर दी है।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा कि ऋण समाधान प्रक्रिया में सुधार और सरकार के पुनर्पूंजीकरण की वजह से कमजोर सरकारी बैंकों में शुमार सेंट्रल बैंक और आईओबी की रेटिंग बढ़ायी है।

खरीददारी से झूमा शेयर बाजार

मुंबई, 12 मार्च (ईएमएस)। मंगलवार को कारोबार के अंत में सेंसेक्स 481.56 अंक यानि 1.30 प्रतिशत बढ़कर 37,535.66 पर और निफ्टी 133.15 अंक यानि 1.19 प्रतिशत प्रतिशत बढ़कर 11,301.20 पर बंद हुआ। ग्लोबल संकेतों के बीच भारतीय बाजारों में जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। दिग्गज शेयरों के साथ ही मंगलवार को मिड और स्मॉलकैप शेयरों में भी अच्छी खरीदारी देखने को मिल रही है।

बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.85 फीसदी की बढ़त के साथ 15222 के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं, स्मॉलकैप इंडेक्स 1.04 फीसदी की बढ़त के साथ 14916 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। तेल और गैस शेयरों में मंगलवार भी अच्छी खरीदारी नजर आ रही है। बीएसई का ऑयल एंड गैस इंडेक्स 0.89 फीसदी की बढ़ोत्तरी के साथ कारोबार कर रहा है। मंगलवार को मुंबई बाजार की चौतरफा तेजी में बैंकिंग शेयरों का बड़ा योगदान है। निफ्टी का पीएसयू बैंक इंडेक्स 0.5 फीसदी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स 1.1 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। बैंक शेयरों

- **सेंसेक्स 481.56 अंक बढ़कर 37,535.66 पर बंद**
- **निफ्टी 133.15 अंक उछलकर 11,301.20 पर बंद**

में तेजी के चलते बैंक निफ्टी करीब एक फीसदी की बढ़त के साथ 28235 के स्तर पर नजर आ रहा है। कारोबार में एफएमसीजी, फार्मा, ऑटो, मेटल और रियल्टी शेयरों में जोरदार बढ़त देखने को मिल रही है। वहीं निफ्टी का ऑटो इंडेक्स 0.64 फीसदी, एफएमसीजी इंडेक्स 0.90 फीसदी, आईटी इंडेक्स 0.40 फीसदी, फार्मा इंडेक्स 0.60 फीसदी, मेटल इंडेक्स 0.75 फीसदी और रियल्टी इंडेक्स 3.37 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। दिग्गज शेयरों के साथ ही मिड और स्मॉलकैप शेयरों में भी जोरदार बढ़त देखने को मिली। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.65 फीसदी की बढ़त के साथ 15,192.84 के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं, स्मॉलकैप इंडेक्स 1.07 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ है। तेल-गैस शेयरों में भी खरीदारी का माहौल रहा। बीएसई का ऑयल एंड गैस इंडेक्स 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ है। कारोबार के अंत में बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 481.56 अंक यानि 1.30 फीसदी की बढ़त के साथ 37535.66 के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 133.15 अंक बढ़त के साथ 11301.20 पर बंद हुआ।

इरकॉन को विश्वकर्मा एवार्ड

नयी दिल्ली, 12 मार्च। इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को 11वें सीआईडीसी विश्वकर्मा एवार्ड समारोह में तीन विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। इरकॉन को बेस्ट प्रफ़ेशनली मैनेज्ड कम्पनी (1000 हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा टर्नओवर वाली कम्पनियों की श्रेणी में), बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट (शिवपुरी-गुना हाइवे प्रोजेक्ट के लिए) तथा सोशल डिवेलपमंट एंड इम्पैक्ट (छत्तीसगढ़ में किये गये सीएसआर कार्यों के लिए) प्रदान किया गया है।

इरकॉन के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एसके चौधरी, परियोजना निदेशक दीपक सबलोक, तथा वित्त के निदेशक एमके सिंहा ने नयी दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान ये एवार्ड प्राप्त किये।

एवार्ड प्राप्त करते कम्पनी के अधिकारी।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, महोबा (उ.प्र.)

(ई–अतिअल्पकालीन निविदा)

निविदा खुलने की तिथि एवं निविदा से सम्बन्धित अन्य सभी विवरण ई–प्रोक्योरमैंट पोर्टल पर https:/etender.up.nic.in उपलब्ध हैं

1 (ई–टेन्डर)– 74/SE/EDCMBA/2018-19 विद्युत परीक्षण खण्ड महोबा के कार्यालय प्रयोग हेतु फर्नीचर।

2. (ई–टेन्डर)– 75/SE/EDCMBA/2018-19 विद्युत खण्ड द्वितीय महोबा के कार्यालय प्रयोग हेतु फर्नीचर।

3. (ई–टेन्डर)– 76/SE/EDCMBA/2018-19 विद्युत परीक्षण खण्ड महोबा में डीजल चालित वाहन ड्राइवर सहित।

4. (ई–टेन्डर)– 77/SE/EDCMBA/2018-19 मण्डल व अधीनस्थ कार्यालय हेतु 05 नग डीजल चालित वाहन ड्राइवर सहित।

5. (ई–टेन्डर)– 78/SE/EDCMBA/2018-19 वितरण खण्ड महोबा हेतु 03 नग डीजल चालित वाहन ड्राइवर सहित।

6. (ई–टेन्डर)– 79/SE/EDCMBA/2018-19 वितरण मण्डल महोबा व अधीनस्थ कार्यालयों हेतु 15 नग कम्प्यूटर आपरेटर कम्प्यूटर सहित।

राष्ट्रहित में बिजली बचायें

अधीक्षण अभियन्ता

विद्युत वितरण मण्डल महोबा उ.प्र.

आ0स0 1653/07.03.2019

(सम्मन वास्ते कारारदार उमूर तनकीह तलब) (आर्डर ४ कायदा २ व १) न्यायालय श्रीमान सिविल जज पश्चिमी जू०डि० हरदोई दीवानी मुकदमा नंबर १९८ ई/२०१७राम स्वरुप आदि बनाम दिवाकर बाजपेई आदि१– दिवाकर बाजपेई पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम लोधौरा परगना गोंडवा तहसील संडीला जिला हरदोई २– तुषार अस्थाना पुत्र दिनेश कुमार अस्थाना निवासी ग्राम लोधौरा परगना गोंडवा तहसील संडीला जिला हरदोई वर्तमान निवासी एमएमआईजी टिकैत राय तालाब एलडीए कालोनी लखनऊ हरगाह वादीगण ने नाबिल बतारीख दायर की गयी है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख ११ माह ४ सन् २०१९ ई० बवक्त १० बजे दिन के असालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकदमा के हालात बहाल मुतालिब के मुकदमा का जबाव दे सकेगा जिसके बाद कोई सनद हो कि जो जबाव ऐसे अदालत को दे सके कि हाजिर हो और जबावदेही पेश करे। आपको लाजिम अपना जबावदेही वक्त तालीम चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको महसूस और फैसल होगा बसप्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत ने आज बतारीख १२–०३–२०१९ ई० को जारी किया गया। आज्ञा से–श्रीमान सिविल जज जू०डि० पश्चिमी महोदय हरदोई

(सम्मन वास्ते कारारदार उमूर तनकीह तलब) (आर्डर ४ कायदा २ व १) न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी०डि० महोदय हरदोई ओएस नंबर १५५/२०१६ अल्तमश बनाम रईशा आदि १– श्रीमती चंदा पुत्री अब्दुल सलाम पत्नी मो० इरफान निवासी ग्राम शेखपुरा डाकखाना कन्नौज परगना व तहसील जिला कन्नौज। हरगाह वादी ने नाबिल बतारीख दायर की गयी है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख ०९ माह ४ सन् २०१९ ई० बवक्त १० बजे दिन के असालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकदमा के हालात बहाल मुतालिब के मुकदमा का जबाव दे सकेगा जिसके बाद कोई सनद हो कि जो जबाव ऐसे अदालत को दे सके कि हाजिर हो और जबावदेही पेश करे। आपको लाजिम अपना जबावदेही वक्त तालीम चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको महसूस और फैसल होगा बसप्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत ने आज बतारीख ११–०३–२०१९ ई० को जारी किया गया। आज्ञा से–श्रीमान सिविल जज सी०डि० महोदय हरदोई

हडको ने दिये नारी शक्ति पुरस्कार

कार्यक्रम में मौजूद डा. एम रविकांत व अन्य।

नयी दिल्ली, 12 मार्च। हडको के सीएमडी डॉ. एम रविकांत ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीवन के सभी पहलुओं में अच्छा स्वास्थ्य, खुशहाली और आत्म-सम्मान सुनिश्चित करने के लिए बेहतरी के लिए संतुलन विषय पर अपने विचार रखे। वर्ष 2019 के लिए महिला कर्मचारियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए पांच नारी शक्ति पुरस्कार भी घोषित किये गये। यह पुरस्कार उत्कृष्ट करने वाली महिला अधिकारियों व कर्मचारियों को देकर सम्मानित किया।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मामूली कमी

नयी दिल्ली, 12 मार्च (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में भावों में कमी के चलते देश की सबसे बड़ी सरकारी तेल कम्पनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने 12 मार्च 2019 को पेट्रोल की कीमत मे छः पैसे वहीं डीजल के दाम में सात पैसे की मामूली गिरावट आयी। आज राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 72.41 रुपये प्रति लीटर के करीब और डीजल 67.37 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 72.41 रुपये प्रति लीटर हो गया वहीं कोलकाता में पेट्रोल 74.49 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 78.04 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल 75.50 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में डीजल 67.37 रुपये प्रति लीटर हो गया है वहीं कोलकाता में डीजल 69.16 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।

माल्या के शेयर यूबीएचएल को स्थानांतरित

नयी दिल्ली, 14 मार्च (ईएमएस)। शराब बनाने वाली कम्पनी यूनाइटेड ब्रुअरीज लिमिटेड (यूबीएचएल) ने कहा कि बेंगलूरु स्थिति कर्ज वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) ने यूनाइटेड ब्रुअरीज (होल्डिंग्स) लिमिटेड के नाम के उसके शेयर उस हस्तांतरित कर दिये हैं। विजय माल्या से जुड़ी यूबीएचएल के पास यूबीएल की 2.80 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जिसका मूल्य 1,025 करोड़ रुपये के आस पास है। यूबीएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, बेंगलुरू में डीआरटी-दो के वसूली अधिकारी प्रथम ने 74,04,932 इक्विटी शेयरों का स्थानांतरण किया है। दिसंबर तिमाही में बंबई शेयर बाजार को दिये आंकड़ों के मुताबिक, यूनाइटेड ब्रुअरीज लिमिटेड में माल्या से जुड़ी यूनाइटेड ब्रुअरीज (होल्डिंग्स) लिमिटेड (यूबीएचएल) की 2.80 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। आठ मार्च 2019 को यूनाइटेड ब्रुअरीज लिमिटेड के एक शेयर का मूल्य 1,389.97 रुपये था, इस लिहाज से 74,04,932 इक्विटी शेयरों का अनुमानित मूल्य 1,029.26 करोड़ बैठता है। बैंक समेत विभिन्न ऋणदाता माल्या द्वारा लिए गये कर्ज की वसूली के लिए यूनाइटेड ब्रुअरीज (होल्डिंग्स) लिमिटेड पर दबाव बना रहे हैं। विजय माल्या बैंकों से 9,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लेकर देश से फरार होकर ब्रिटेन भाग गये हैं। भारत की ओर से उनके प्रत्यर्पण की कोशिशें जोर-शोर से की जा रही हैं। माल्या को अदालत ने भगौड़ा घोषित कर रखा है। ईडी व बैंक उसकी सम्पत्ति पर कब्जा कर रहे हैं।

शराब कारोबारी को लगा 1,025 करोड़ का झटका

कार्यालय - नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

Website-www.rathnpp.in Email-npprath@gmail.com Telephone-05280-223316

पत्रांक – 1801 / न0पा0प0–राठ/आदेश/2018–19/ दिनांक 11.03.2019

–: सूचना: –

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिये नगर पालिका परिषद– राठ सीमान्तर्गत पार्किंग शुल्क नीलामी की आम बोली दिनांक 11.03.2019 को समय 02:00 बजे पालिका कार्यालय में अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी के समक्ष बोली जानी थी परन्तु आचार संहिता लागू होने के कारण पार्किंग शुल्क नीलामी की आम बोली अग्रिम आदेशों तक निरस्त की जाती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

शुद्धिपत्र

शुद्धिपत्र संख्या:– AMC-CAPL-2018-19-19, तिथि : 11.03.2019

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम & पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा खुली निविदा के लिए अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज़ में शुद्धिपत्र जारी किया:– निविदा सूचना संख्या AMC-CAPL-2018-19-19, नियत तिथि:– 29.03.2019

अपरिहार्य कारणों से निविदा संख्या **AMC-CAPL-2018-19-19** के संबंध में प्रकाशित दिनांक 06.03.2019 और बंद दिनांक 29.03.2019 को 15.30 बजे शुद्धिपत्र के रूप में बनाया गया:–

क्रम सं. 1, एनआईटी हैडर में आइटम :– अनुसूची दर, **मौजूदा के अनुसार (एनआईटी हेडर में)** :– इकाई दर = रु. 37,504.17, मूल मान = रु. 9,00,100.08, जीएसटी @ 18% = रु. 1,97,582.92, कुल विज्ञापित मूल्य = रु. 10,97,683.00, **के रूप में लागू किया जाना है (एनआईटी हेडर में)** :– इकाई दर = रु. 38,760.00, मूल मान = रु. 9,30,240.00, जीएसटी @ 18% = रु. 1,67,443.00, कुल विज्ञापित मूल्य = रु. 10,97,683.00, निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम & पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय जिला प्रभारी उ.प्र. राज्य कर्मचारी कल्याण निगम - फर्रुखाबाद

ई-निविदा

रवी विपणन वर्ष – 2019–20 में जिलाधिकारी महोदया द्वारा अनुमोदित क्रय केन्द्रों, न.म. सातनपुर एवं अहिलामई हेतु ई–निविदा परिवहन व हैन्डलिंग कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा में निगम में पंजीकृत व्यक्ति/फर्म व खाद्य विभाग में पंजीकृत व्यक्ति/फर्म ही प्रतिभाग ले सकते हैं। ई–निविदा का प्रारूप तथा शर्तें एन.आई.सी. द्वारा विकसित ई–प्रोक्योरमेन्ट प्लेटफार्म www.etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है तथा किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ई–निविदा हेतु अंतिम तिथि 29.03.2019 अपर जिलाधिकारी (वि/रा) / अध्यक्ष ई–निविदा कमेटी द्वारा निर्धारित की गई है एवं 29.03.2019 को 3.00 पी.एम. पर ई–निविदा कलेक्ट्रेट में अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोली जायेगी।

(जिला प्रभारी)
सदस्य/संयाजक की निविदा कमेटी
उ.प्र. राज्य कर्मचारी कल्याण निगम
जिला – फर्रुखाबाद

उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण

कार्यालय : मोतीनगर कार्यालय/ सह-व्यवसायिक काम्पलेक्स, उन्नाव

पत्र संख्या – 1277 वि.प्रा. (2018–19) दिनांक : 12.09.2018

सूचना

उन्नाव–शुक्लागंज विकास प्राधिकरण की निराला नगर आवासीय योजना फेज–1 में एम.आई.जी./128 श्री पंचम पुत्र छोटा निवासी ग्राम व पोस्ट ओसिया जिला उन्नाव के नाम आवंटित किया गया है जिनका दिनांक 28.07.2010 को स्वर्गवास हो गया है।

इस सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु श्री ओम प्रकाश पुत्र स्व. श्री पंचम पुत्र छोटा निवासी निसगर परगना सरेनी तहसील लालगंज जिला रायबरेली द्वारा इस विभाग में ऑनलाइन आवेदन किया गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उल्लिखित सम्पत्ति का नामान्तरण श्री ओम प्रकाया के पक्ष में करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर समुचित अभिलेखों सहित दाखिल कर दें, अन्यथा उल्लिखित सम्पत्ति का नामान्तरण श्री ओम प्रकाश पुत्र स्व. श्री पंचम पुत्र छोटा निवासी निसगर परगना सरेनी तहसील लालगंज जिला रायबरेली के पक्ष में कर दिया जायेगा।

प्रभारी सम्पत्ति
उन्नाव–शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, उन्नाव

बाजार भाव

दयालू ज्वैलर्स
59/45 बिठहाना, गंज कानपुर
फोन: 0512-2313354,9336251965
B.I.S HALL MARK ज्वैलरी

सर्राफा

चांदी कच्ची (प्रतिकिलो) **39550** चांदी 999 (प्रतिकिलो) **39650**, सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल 60000 ,सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल **62000**, सोना बिस्कुट(दस ग्राम) **33100**, सोना रवा (दस ग्राम)**33000** गिन्नी (प्रति नग) **24550-24750**

गल्ला

गेहू दड़ा **2000-2050**, आरआर **2025-2075**, गेहू फारम **2075-2125**, जौ **1950-2000**, बेझर **1950-2000**, ज्वार **1700-2500**, बाजरा **1725-1775**, मकाई **1850-1900**,

दलहन

चना४०००-**4100**, अरहर **4300-4500**, मसूर **3400-3500**, मटर **3800-4000**, उड़द हरा **5800-6300**, उड़द काला **3700-4000**, मूंग **5300-5600**

दाल (प्रति कुन्तल)

अरहर फूल **7100-7200**, अरहर स्पेशल **6100-6200**, डेढ़ नं. **4950-4500**, चना दाल **4925-5000**, मटर दाल **४९५००-५०००**,**मसूर मलका ४७५०-४८००** मसूर दाल **4500-4550**, उड़द दाल **4300-7700**, उड़द धोवा **5000-7100** मूंग **6000-7100**, मूंगधोवा **6900-8300**

चावल (प्रति कुन्तल)

अरवा **2100-2900**,बासमती-**7500-8500**, सेला **2800-3400**, बासमती ।।- **6000-6500**

आटा-मैदा (प्रति 50 किलो)

आटा **1150-1220**, मैदा **1180-1250**, सूजी **1250-1300**

चक्की आटा (प्रति 50 किलो)

शाह पसंद **1140-1170**

तिहलन (प्रति क्विं)

लाही 3600-3650, अलसी 3300-3350, अण्डी 975-1000, तिल्ली 10800-11000,बटाली 6200-6300,सेहूँआ 3500 - 3600

तेल (प्रति कुन्तल)

सरसों कोल्हू **8900-9000**, अलसी **8400-8500**, अंडी **11300-11400**, तिल्ली **1750-2050**

रिफाइन्ड (प्रति टिन)

सोयाबीन **1260--1260**

खली (प्रति क्वी.)

सरसो **1750-1850** अलसी **3300-3350**, अण्डी **975-1000**

वनस्पति (प्रति टिन 15 लीटर)

बावर्ची **910-908**मयूर **910-908**

गुड़ (प्रति क्वी.)

पंसेरा २४००-२४५०, मंगलौर लड्डू २९००-२९५० देशी भेली २८००-२८५०

शक्कर दाना (प्रति क्वी.)

एम-30 **3350-3400**

घी देशी (प्रति कुन्तल)

खुर्जा ४३०००-४३१००, औरैय्या- ४००००-४०१००, माधौगढ़-४०२००-४०३००

जॉनसन एंड जॉनसन पीड़ित मरीजों को दे 74 लाख रुपये का मुआवजा

सीडीएससीओ ने 30 दिन के अन्दर भुगतान करने का आदेश

नयी दिल्ली, 12 मार्च । जॉनसन एंड जॉनसन के कूल्हे के दोषपूर्ण प्रत्यारोपण से प्रभावित मरीजों के लिए मुआवजे पर विचार करने वाली केन्द्रीय विशेषज्ञ समिति ने पहले मरीज को 74 लाख का मुआवजा दिये जाने की सिफारिश की है। केन्द्रीय दवा नियामक सीडीएससीओ ने जॉनसन एंड जॉनसन को निर्देश जारी कर 30 दिन के भीतर मुआवजे का भुगतान करने को कहा है। केन्द्रीय विशेषज्ञ समिति ने विस्तृत विचार के बाद उन मरीजों के लिए मुआवजा तय करने का फार्मूला तैयार किया है। समिति ने सुझाव दिया था कि मरीजों को उन्हें हुई विकलांगता के आधार पर मुआवजे का भुगतान दिया जाये। एक अनुमान है कि 4,000 से ज्यादा मरीज प्रभावित हुए हैं। केन्द्र सरकार ने जॉनसन एंड जॉनसन की सहायक डी. मैडीकल को पत्र लिखकर वर्ष 2025 तक मुआवजा देने को कहा है। यहीं कम्पनी उपकरण बनाती है। साल 2011 से कई लोगों ने शिकायत दर्ज करायी है कि कूल्हे के प्रत्यारोपण के लिए उनकी कम्पनी की तरफ से मुहैया कराये गये उपकरण दोषपूर्ण हैं। महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रिशन (एफडीए) ने मामला अपने हाथ में लिया और साल 2014 में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की। इसमें जॉनसन एंड जॉनसन की सहायक डी सिन्थेस का नाम था लेकिन कानूनी अड़चनों के चलते प्राधिकरण ने मुआवजे पर जोर नहीं दिया। इसके बाद मामला बंबई उच्च न्यायालय पहुंचा। अदाल